संख्या-84/3095/41-2014-1 सा0/2014

प्रेषक

श्याम मोहन तिवारी,
अनुसचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक
पर्यटन उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक 31 दिसम्बर, 2014

विषय- जनपद प्रतापगढ में घुइसरनाथ धाम में राष्ट्रीय एकता महोत्सव के आयोजन हेतु धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय पर अपने पत्र सं0-1452/15-1-1435/टी0टी0/2013, दि0-12-12-2014 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में जनपद प्रतापगढ में घुइसरनाथ धाम में राष्ट्रीय एकता महोत्सव का आयोजन किये जाने हेतु रू0-15.00 लाख (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) की धनराशि निम्नांकित शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय प्रदान करते हैं -

1. उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत नियमों एवं शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा ।
2. उक्त धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त पुस्तिका एवं बजट मैनुअल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा और जहॉ कहीं भी आवश्यक हो, तो व्यय किये जाने से पूर्व शासन की अनुमति प्राप्त की जायेगी ।
3. स्वीकृत धनराशि की प्रत्याशा में कोई अनधिकृत व्यय नहीं किया जायेगा।
4. उक्त धनराशि का व्यय करते समय मितव्ययिता सम्बन्धी सुसंगत शासनादेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

http://srisanadesh.up.nic.in

5. उक्त स्वीकृत धनराशि मे से व्यय के पश्चात यदि कोई धनराशि अवशेष बचती है, तो उसे तत्काल राजकोष में जमा कर दिया जायेगा।

6. उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44-आयोजनेत्तर-लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन-80-सामान्य-800-अन्य व्यय
- 09- जनपद प्रतापगढ में घुइसरनाथ धाम में राष्ट्रीय एकता महोत्सव का आयोजन-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा ।

7. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनॉक-22.07.2014 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन प्रशासकीय विभाग द्वारा निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

<u>संख्या-84/3095(1)/41-2014 तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल) आडिट, उत्तर प्रदेश, सत्य निष्ठा भवन, 15-ए, दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. मण्डलायुक्त, इलाहाबाद/ जिलाधिकारी, प्रतापगढ।
4- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
5- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
6- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in